भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †1619

सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में भंडारा-गोंदिया पर्यटन स्थलों का विकास

†1619. डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र के भंडारा-गोंदिया जिले में पर्यटन स्थलों को विकसित करने की पहल की है या विकसित करने का विचार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे विकास के लिए चिन्हित किए गए स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस संबंध में राज्य सरकार से कोई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्राप्त हुई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा वर्तमान में परियोजनाओं की क्या स्थिति है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ड.): पर्यटन स्थलों और उत्पादों के विकास और संवर्धन का कार्य संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन कर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को पूरा करता है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', राष्ट्रीय तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान मिशन (प्रशाद)' नामक योजनाओं के अंतर्गत महाराष्ट्र के गंतव्यों सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इस मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के नाम से नया रूप प्रदान किया है, जिसका उद्देश्य गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण के साथ टिकाऊ और जिम्मेदारीयुक्त गंतव्यों का विकास करना है।

स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजना के अंतर्गत परियोजनाओं को संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से तथा उनसे परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने पर तथा निर्धारित प्रावधानों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन विचार किया जाना है।

मंत्रालय की एसडी 2.0 और प्रशाद योजना के अंतर्गत पिछले एक वर्ष में निर्धारित समय-सीमा के भीतर महाराष्ट्र के भंडारा-गोंदिया जिले में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए महाराष्ट्र सरकार से निर्धारित प्रारूप में कोई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्राप्त नहीं हुई है।

महाराष्ट्र राज्य के लिए उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले द्वारा महाराष्ट्र में भंडारा-गोंदिया पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 10.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1619 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि करोड़ रु. में
1.	तटीय परिपथ 2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभव का विकास	19.06
2.	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	वाकी- अदासा- धापेवाड़ा- पारदसिंघा- तेलनखंडी- गिराड का विकास	45.47

महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	गंतव्य	एक्सपीरियंस का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)	स्वीकृति की तिथि
1.	पूणे	शिवसृष्टि ऐतिहासिक थीम पार्क - चरण 3	76.22	21-09-2024

महाराष्ट्र राज्य में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में)
1.	त्र्यंबकेश्वर का विकास	2017-18	45.41

*****